दिनांक : 07.02.2026 समय: 02.10PM

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

### पीएम–मलेशिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर मलेशिया के लिए रवाना हो गए हैं। यात्रा से पहले वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ उनकी चर्चा रक्षा और सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने, आर्थिक और नवाचार संबंधों को मजबूत करने तथा पारस्परिक हित के उभरते क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने पर केंद्रित होगी।

### राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के बस्तर मंडल मुख्यालय जगदलपुर में आज बस्तर पंडुम महोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बस्तर के लोग जीवन को उत्सव की तरह जीते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर पांडुम महोत्सव के माध्यम से देश और विश्व को बस्तर क्षेत्र की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की झलक मिलती है।

### खाद्य दलहन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीहोर जिले के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए देशभर के कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, किसान तथा नीति निर्माता इस सम्मेलन में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने, बेहतर बीज उपलब्ध कराने, वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के उपायों पर विस्तार से चर्चा करेगे।

### बीसीसीआई–पुरस्कार

बीसीसीआई ने अंडर–19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम, तकनीकी स्टाफ और चयन समिति के लिए साढे सात करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। भारत ने कल जिमबावे के हरारे में फाइनल में इंग्लैंड को सौ रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता था।

## मौसम

प्रदेश में बीते दो दिनों से ठंड का असर और बढ़ गया है। कल रात कटनी का करौंदी क्षेत्र प्रदेश में सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में आठ फरवरी से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हो रहा है, जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। 10 फरवरी से मावठे की शुरुआत होने का अनुमान है।

## राष्ट्रीय सम्मेलन

राजधानी भोपाल स्थित नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और वरिष्ठ न्यायाधीश न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सुलभ और जन–केंद्रित बनाने पर मंथन कर रहे है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत सहित देश के 25 से अधिक उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और कई वरिष्ठ न्यायाधीश हिस्सा ले रहे है। सम्मेलन की थीम 'एकीकृत, कुशल और जन–केंद्रित न्यायपालिका' रखी गई है, जिसके तहत न्याय प्रणाली को आम लोगों तक सरल और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उपायों पर चर्चा होगी।

# संक्षिप्त समाचार

- केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर कटनी में आज खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस बजट को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला बताया।
- युवाओं को रोजगार एवं स्व–रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगरमालवा में कल आयोजित हुए युवा संगम रोजगार मेले में बेरोजगार युवक–युवतियों का रोजगार हेतु प्रारंभिक चयन किया गया।
- शिवपुरी जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के क्रम में जिले के सभी विकासखण्डों में कृषि रथों का भ्रमण कराया जा रहा है।

------------------